Roll No. ......................                                Exam Code : M-23

# Subject Code—59326

## B. Sc. EXAMINATION

(Main & Reappear) (Batch 2018 Onwards)

(Fourth Semester)

HINDI COMPULSORY–II

CXL-401(i)

Language Skills

(Compulsory Course–IV)

*Time : 3 Hours*                                *Maximum Marks :* 80

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** निम्नलिखित के हिन्दी तकनीकी अर्थ लिखिए : **20**

(i) Nutrition

(ii) Melting Point

(iii) Ovary

(iv) Refrigeration

(v) Metamorphosis

(vi) Indicator

(vii) Spectrum

(viii) Reflection

(ix) Precipitate

(x) Multiplier

(xi) Latent Heat

(xii) Observation

(xiii) Relic

(xiv) Vibration

(xv) Plasma

(xvi) Quantile

(xvii) Insulation

(xviii) Pendulum

(xix) Infection

(xx) Velocity.

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×10=20

(i) हमें भी कैद में समझो बेटी ! हमारे गुनाहों ने हमें चारों तरफ से घेर रखा है । जमीर

की जंजीरों ने भी हमारे हाथ-पैर बाँध लिये हैं । हम अब इस दुनिया को आँख उठाकर भी नहीं देख सकते । जिस सल्तनत को खून से सींच-सींचकर हमने इतना बड़ा किया है, उसे अगर अब आँसुओं से भी सींचना चाहें तो हमें एक पूरी जिन्दगी चाहिए ।

(ii) तुम जानते हो बच्चा, दुनिया जहान का यह कायदा ही है । गिरे हुए मकान की नींव पर ही दूसरा मकान खड़ा होता है । राम प्रताप ही को देख लो । अभी दाह कर्म संस्कार के बाद नहाकर साफा भी न नचोड़ा था कि नकोदर वालों ने शगुन दे दिया। एक महीने बाद विवाह भी हो गया और अब तो सुनते हैं, बच्चा भी होने वाला है ।

(iii) काश ! आपने यही निर्णय उस समय कर लिया होता जबकि मैंने स्वयं वासन्ती से ब्याह के लिए आपको अपना विनम्र निवेदन किया था ! पर तब मैं सिर्फ एक साधारण व्यक्ति था–एक मनुष्य मात्र–तभी आपकी निगाह में मेरी जरा भी इज्जत नहीं थी । मैं अपदार्थ था तब । और आज जब मैं संयोग से डिप्टी

कलेक्टर हो गया तो सहसा एकदम से मूल्यवान हो गया । गोया मैं आदमी नहीं, शेयर मार्किट का भाव हूँ ।

(iv) बहन, मैं मानती हूँ माँ–बेटे के संबंध से बढ़कर और कोई संबंध नहीं है, परन्तु साथ ही पति से बढ़कर पत्नी के लिए भी और कुछ नहीं है । पति भी वह जिसके लिए उसने समाज की ही नहीं, वरन् अपने हृदय की साक्षी दी है, जिसे वह प्यार करती है। उसके कहने पर वह प्राण दे सकती है, परन्तु उसको दुखी करके वह किसी को सुखी करने की कल्पना नहीं कर सकती । करेगी तो वह पापिन है ।

3. उपेन्द्रनाथ अश्क **अथवा** डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल का साहित्यिक परिचय दीजिए । **10**

4. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : **15**

   (i) कम्प्यूटर और इंटरनेट

(ii) आकाशवाणी

(iii) गांधी दर्शन

(iv) शिक्षा और राजनीति

(v) जनसंख्या विस्फोट ।

5. (i) मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार की ओर से उपायुक्त करनाल को जिले में आई बाढ़ के लिए उठाए गए उचित-व्यय के संदर्भ में एक अर्द्धसरकारी पत्र लिखिए । 8

अथवा

राजकीय महाविद्यालय, नरवाना के प्राचार्य की ओर से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति को कॉलेज के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आने के लिए अर्ध-सरकारी पत्र लिखिए ।

(ii) आपकी नियुक्ति डाबर प्रतिष्ठान में एक क्रय अधिकारी के रूप में हो गई है। आप पद की स्वीकृति एवं कार्यभार संभालने की तिथि की स्वीकृति भेजें, जो पन्द्रह से अधिक शब्दों में न हों । 7

अथवा

मै दयाल सन्स, सदर बाजार दिल्ली को एक टेलीग्राम भेजकर दस-दस थान टैरीन के मँगवाने का आदेश दीजिए ।